मेरा श्याम आएगा | by Shubham Saxena

भक्ति कर ले मुसीबत में ये काम आएगा
कोई आये ना आये बाबा श्याम आएगा
भक्ति कर ले .....

केवल भक्ति के धागे से बंधता है श्याम
कोई कितना भी रोके नहीं रुकता है श्याम
मेरी खातिर ये छोड़ खाटू धाम आएगा
कोई आये ना आये बाबा श्याम आएगा
भक्ति कर ले .....

अपनी आदत से बड़ा मजबूर मेरा श्याम
नहीं रह सकता भक्तों से दूर मेरा श्याम
तेरी भक्ति पे हर दम ये क़ुर्बान जाएगा
कोई आये ना आये बाबा श्याम आएगा
भक्ति कर ले .....

भक्ति करके पुकारने का हक़ है तुझे
पढ़ले गीता रामायण गर शक है तुझे
नहीं खाली ये तेरा गुणगान जाएगा
कोई आये ना आये बाबा श्याम आएगा
भक्ति कर ले .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-shubham-saxena/